उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 31.03.2026

यूजेवीएन लि0 हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए टैरिफ आदेश : मुख्य बिन्दु

- यूजेवीएन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (Annual Performance Review) तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए वार्षिक स्थिर प्रभार (Annual Fixed Charges) के साथ वित्तीय वर्ष 2024–25 के सहीकरण (Truing-Up) के अनुमोदन के लिए अपने 11 वृहद विद्युत गृहों (छिबरो, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, चिला, रामगंगा, खटीमा, मनेरी भाली– I, मनेरी भाली– II तथा व्यासी) स्टेशनों हेतु 28 नवंबर, 2025 को आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई।
- **इस टैरिफ आदेश में आयोग द्वारा अभिलेखों के संवीक्षोपरान्त निम्न अनुमोदन किये गये :–**
  - a) **वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 09 पुराने विद्युत गृहों, मनेरी भाली–II विद्युत गृह तथा व्यासी विद्युत गृह हेतु सहीकरण (Truing-up)।**
  - b) **वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 09 पुराने विद्युत गृहों, मनेरी भाली–II विद्युत गृह तथा व्यासी विद्युत गृह हेतु वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) निर्धारण।**
- यूजेवीएन लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में वास्तविक रूप से एकत्रित राजस्व की तुलना में वर्तमान में दावा किए गए वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) के अंतर (Gap) की गणना करके 91.44 करोड़ रुपये का अंतर (HPSEB के अंतर को छोड़कर, लेकिन वहन लागत के प्रभाव को शामिल करते हुए) दर्शाया है। इस अंतर (Gap) के अतिरिक्त, यूजेवीएन लिमिटेड ने मनेरी भाली– II विद्युत गृह के तहत Power Development Fund (PDF) पर रू0 248.73 करोड़ के लाभांश की पिछली वसूली के विरुद्ध दूसरी किस्त का भी दावा किया है, जिसे आयोग ने अपने टैरिफ आदेश 11.04.2025 में अनुमोदित किया था। इसके विपरीत, आयोग ने मनेरी भाली– II विद्युत गृह के तहत Power Development Fund (PDF) पर रू0 248.73 करोड़ के लाभांश की पिछली वसूली के विरुद्ध दूसरी किस्त और वहन लागत सहित कुल रू0 336.57 करोड़ का अंतर (Gap) स्वीकृत किया है।
- उपरोक्त अंतर (Gap) की धनराशि रू0 336.57 करोड़ (HPSEB के हिस्से के अंतर को छोड़कर) को अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक बारह समान मासिक किस्तों में यूपीसीएल से वसूल किया जायेगा।
- वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए, यूजेवीएन लि0 द्वारा मांग किये गये वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आयोग द्वारा अनुमोदित कुल वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) नीचे दी गई निम्न् सारिणी में दर्शित है:–

तालिकाः वार्षिक स्थिर प्रभार (AFC) (रू0 करोड़ में)

उत्पादन गृह	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2026-27	
	आयोग के टैरिफ आदेश दिनांक 11.04.2025 में अनुमोदित	यूजेवीएन लि0 द्वारा प्रस्तावित	आयोग द्वारा अनुमोदित
09 बड़े विद्युत गृहों (छिबरो, खोदरी, ढकरानी, ढालीपुर, कुल्हाल, चिला, रामगंगा, खटीमा, मनेरी भाली–I)	**580.94**	**681.71**	**611.31**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि / (कमी)		17.35%	5.23%
मनेरी भाली–II विद्युत गृह	**272.34**	**308.70**	**270.25**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि / (कमी)		13.35%	-0.77%
व्यासी विद्युत गृह	**339.54**	**341.24**	**327.66**
गत वर्षों की तुलना में वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि / (कमी)		0.50%	-3.50%
कुल	**1192.82**	**1331.65**	**1209.22**
गत वर्षों की तुलना में कुल वार्षिक स्थिर प्रभार (%) में वृद्धि / (कमी)		11.64%	1.37%

***